बी.एस.के.एफ–001

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बी.डी.पी.)

## सत्रीय कार्य
## (जुलाई, 2018 एवं जनवरी, 2019 सत्रों के लिए)

### पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.के.एफ–001
### संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

मानविकी विद्यापीठ
**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली-110068

# संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम–001

## सत्रीय कार्य 2018–19

**कार्यक्रम कोड : बी.डी.पी**
**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.के.एफ–001**

प्रिय छात्र/छात्राओं,
संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम में आपको एक सत्रीय कार्य करना है। यह अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (TMA) है। इसके लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम कुल 4 क्रेडिट का है। यह सत्रीय कार्य पाठ्यक्रम के सभी खंडों पर आधारित है।

**उद्देश्य** : अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य का उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ पाठ्य सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से तात्पर्य नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान जो कुछ सीखा और समझा है उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें। इस पाठ्यक्रम में संस्कृत, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा मानविकी से संबंधित पाठों के माध्यम से संस्कृत का व्यावहारिक ज्ञान कराया गया। इसके साथ ही संस्कृत में वार्तालाप, अनुवाद, संक्षेपण, पल्लवन, निबंध, समाचार तथा पत्र–लेखन को भी समझाने का प्रयास किया गया है। सत्रीय कार्य से आप यह जाँच सकेंगे कि आपने पाठ्यक्रम में प्रस्तुत सामग्री को कितना समझा है।

**निर्देश** : सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1) आधार पाठ्यक्रमों के लिए कार्यक्रम–दर्शिका में दिए हुए निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए।
2) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दायें सिरे पर अपना अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
3) अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और उस अध्ययन केन्द्र का नाम लिखिये जिससे आप सम्बद्ध हैं। उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा :

---

अनुक्रमांक : ............................................................

नाम : ..........................................................................

पता : .........................................................................

.......................................................................................

दिनांक : ....................................................................

पाठ्यक्रम शीर्षक : ......................................................................

सत्रीय कार्य कोड : ......................................................................

अध्ययन केंद्र का नाम : ...........................................................

---

4) उत्तर के लिए केवल फुलस्केप के आकार के कागज का इस्तेमाल करें और उन कागजों को अच्छी तरह से बाँध लें।
5) प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
6) अपनी ही लिखावट में उत्तर दें।
7) सत्रीय कार्य की उत्तर पुस्तिका जाँच के लिए अपने अध्ययन केंद्र के संचालक (Coordinator) के पास भेज दें।

**सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि :**

| | | |
|---|---|---|
| जुलाई 2018 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | : | **31 मार्च, 2019** |
| जनवरी 2019 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | : | **30 सितंबर, 2019** |

## सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

इस सत्रीय कार्य में आपसे मुख्य रूप से तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। लंबे निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 350–400 शब्दों में लिखने हैं तथा लघु निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर 150–200 शब्दों में देने हैं। इसके अलावा, तीसरी श्रेणी के प्रश्न के उत्तर निर्देशानुसार देने हैं।

उत्तर देने के लिए अगर आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा :

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।

2. **अभ्यास** : अपने उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। निबंधात्मक या टिप्पणीपरक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्धता और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

**यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :**

- क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
- ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (Paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
- ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,
- घ) उत्तर, प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
- ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

**शुभकामनाओं सहित!**

# संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

## सत्रीय कार्यक्रम : 2018–19

**कार्यक्रम कोड : बी.डी.पी.**
**पाठ्यक्रम कोड : बी.एस.के.एफ–001/टी.एम.ए/2018–19**

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

1. निम्नलिखित वर्णों का उच्चारणस्थान एवं प्रयत्न लिखिये — 05

    (क) अ (ग) ह (ङ.) ञ (छ) प (झ) य

    (ख) स (घ) व (च) औ (ज) ऋ (ञ) ष

2. मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा के विकास के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालिये। — 05
3. अधोलिखित प्रत्ययों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये– — 10

    (क) घञ् (ख) ल्युट् (ग) क्त्वा (घ) अपत्यार्थक (ङ.) शैषिक

4. वाच्य का परिचय देते हुये वाच्यभेदों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिये। — 10
5. ''तददोषौ शब्दार्थौ सगुणावनलङ्.कृती पुनः क्वापि'' की सोदाहरण व्याख्या कीजिये। — 10
6. भारतीय संस्कृति का परिचय लिखिये। — 05
7. परवर्ती आयुर्वैदिक साहित्य पर प्रकाश डालिये। — 05
8. अधोलिखित श्लोक की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिये– — 10

    त्वमेव तावत्परिचिन्त्य स्वयं कदाचिदेते यदि योगमर्हतः।
    वधूदुकूलं कलहंसलक्षणं गजाजिनं शोणितविन्दुवर्षि च।।

    अथवा

    अलं विवादेन यथाश्रुतस्त्वया तथाविधस्तावदशेषमस्तु सः।
    ममात्र भावैकरसं मनः स्थितं, न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते।।

9. बाणभट्ट प्रणीत 'कादम्बरी' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिये। — 05
10. नाट्यसाहित्य परम्परा का उल्लेख करते हुए भास की नाट्यकला पर प्रकाश डालिये। — 10
11. पल्लवन क्या है? पल्लवन का महत्त्व बताइये। — 05
12. अधोलिखित में से किसी एक शीर्षक पर संस्कृत भाषा में निबंध लिखिये– — 10

    (क) संस्कृतभाषायाः महत्त्वम्

    (ख) विद्याविहीनः पशुः

    (ग) वर्तमानसमये नारीणां स्थितिः

    (घ) संस्कृतक्षेत्रे संगणकस्य महत्त्वम्

13. अपने प्राचार्य को छात्रवृत्ति के लिये संस्कृत भाषा में आवेदन पत्र लिखिये। — 05

    अथवा

    अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देने के लिये संस्कृत भाषा में पत्र लिखिये।

14. अधोलिखित गद्यांश का संस्कृत भाषा में अनुवाद कीजिये– 05

गोदावरी के किनारे एक बड़ा सेमर का पेड़ है। वहाँ अनेक दिशाओं के देशों से आकर रात में पक्षी निवास करते हैं। एकबार रात में एक कौआ जागा। उसने एक शिकारी को देखा। वह शिकारी आकर पेड़ के नीचे विश्राम करने लगा।